दिन– गुरुवार दिनांक– 02 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने पटना, सीतामढ़ी, कटिहार और अरवल समेत सोलह जिलों में उन्नीस नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी।

02. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

03. असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दीं।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनंगज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

——————————————————————

केंद्र सरकार ने देश भर में सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी है। इन विद्यालयों के निर्माण पर पांच हजार आठ सौ बासठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी। कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इनमें से उन्नीस केंद्रीय विद्यालय बिहार में खोले जायेंगे। सीतामढ़ी, कटिहार, कैमूर, मधुबनी, शेखपुरा, मधेपुरा, पटना, अरवल, गया, पूर्णिया, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, दरभंगा, भागलपुर और नालंदा जिले में इन विद्यालयों की स्थापन की जाएगी। पटना, शेखपुरा और मधुबनी जिले में दो–दो केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

———बाइट———

कैबिनेट ने केंद्रीय कर्मियों और पेंशन भोगियों के महंगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। नई दरें एक जुलाई से प्रभावी होंगी। श्री वैष्णव ने बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग उनचास लाख बीस हजार कर्मचारियों और अड़सठ लाख सत्तर हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

———बाइट———

मंत्रिमंडल ने दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि यह मिशन दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दो हजार तीस–इकतीस तक छह वर्षों की अवधि के लिए है।

——————————————————————

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक सौ छप्पनवीं जयंती है। इस मौके पर राष्ट्र उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि यह दिवस महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों के प्रति समर्पण का अवसर है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का शांति, सहिष्णुता और सत्य का संदेश पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्रपिता की जयंती के मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

———————————————————————

महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना स्थित गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। पटना स्थित गांधी संग्रहालय में भी इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बापू टॉवर में भी महात्मा से जुड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आकाशवाणी पटना का प्रादेशिक समचार एकांश एक विशेष कार्यक्रम बापू और बिहार प्रसारित करेगा। यह कार्यक्रम आज शाम छह बजकर पाँच बजे से प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बापू टावर के निदेशक विनय कुमार विशेषज्ञ के तौर पर भाग लेंगे।

———————————————————————

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धाजलि दे रहा है। इस मौके पर राजधानी पटना समेत राज्यभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की कम दरों से लोगों को पर्याप्त राहत मिल रही है। आज प्रस्तुत है आरोग्य केंद्र और साइकिल पर लागू जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

———————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार समेत सभी राज्य सरकारों को एक लाख एक हज़ार छह सौ तीन करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हस्तांतरण जारी किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह सामान्य मासिक हस्तांतरण के लिए एक अतिरिक्त राशि है, जिसे दस अक्टूबर

को जारी किया जाना है। मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय त्योहारों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक अठारह हज़ार दो सौ सत्ताईस करोड़ रुपये मिले। बिहार को दस हज़ार दो सौ उन्नीस करोड़ रुपये तथा मध्य प्रदेश को सात हज़ार नौ सौ छिहत्तर करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण अतिरिक्त कर हस्तांतरण प्राप्त हुआ।

————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च–स्तरीय समिति ने बिहार समेत नौ राज्यों में चार हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की आपदा–रोधी परियोजनाओं को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपदा–प्रतिरोधी भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है।

————————————————————————

विजय दशमी यानी दशहरा का पर्व आज परंपरागत आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दशहरा के मौके पर पटना के गांधी मैदान में आज शाम रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे। वहीं, गांधी मैदान के पास उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। बड़ी संख्या में पुलिस के जवान प्रमुख चौक चौराहों पर तैनात किये गये हैं। विजयदशमी को लेकर पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि शहर के अट्ठाईस मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———बाइट———

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि ये पर्व हमें ईमानदारी, सचरित्रता, सहिष्णुता, सेवा, करूणा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में लोगों से सौहाद्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अनवरत कार्य कर रही है। विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं कि किस प्रकार मोदी सरकार भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर को सशक्त माध्यम बनाने पर बल दे रही है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बंगाल की खाड़ी में एक मजबूत निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज किशनंगज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है। वहीं, राज्य के मध्य और पूर्वी भागों में विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। विभाग ने इसे लेकर लोगों को अलर्ट किया है। इधर, आज सुबह से ही पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये हुये हैं और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

चुनाव आयोग के वरीय उप निवार्चन आयुक्त मनीष गर्ग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाये जाने पर बल दिया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी कुंदन कृष्णन भी शामिल थे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विद्यालय का पहला कुलपति श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद को बनाया है। वहीं, श्रम आयुक्त राजेश भारती को कुलसचिव बनाया गया है। इस संबंध में` अधिसूचना जारी कर दी गई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित ऐतिहासिक माँ काली धाम मंदिर में झिझिया महोत्सव का आयोजन किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत ने सहरसा–नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस का स्थायी विस्तार सुपौल होते हुये ललितग्राम तक किये जाने का स्वागत किया है। श्री कामैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इसके लिए आभार व्यक्त किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केन्द्र सरकार ने पटना, सीतामढ़ी, कटिहार और अरवल समेत सोलह जिलों में उन्नीस नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी।

02. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

03. असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दीं।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।